दिन–गुरूवार

दिनांक– 13 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. होली को लेकर पूरे प्रदेश में हर्ष और उल्लास का माहौल। होलिका दहन आज। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी शुभकामनाएं।

02. होली को देखते हुए राज्य के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने का दिया गया निर्देश।

03. अररिया में शराब तस्करों के खिलाफ हुयी छापेमारी के दौरान एक दारोगा की मौत, जांच के लिए एसआईटी गठित, छह आरोपी गिरफ्तार।

04. और, वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

---

होली महोत्सव शुरू हो गया है। आज होलिका दहन है। भद्रा समाप्ति पर रात दस बजकर सैंतीस मिनट के बाद होलिका दहन किया जायेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस बार फाल्गुन पूर्णिमा आज सुबह दस बजकर दो मिनट से शुरू हो गयी, जो कल सुबह ग्यारह बजकर ग्यारह मिनट तक रहेगी। इसे देखते हुए होलिका दहन आज रात किया जाएगा। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा दो दिन होने से होलिका दहन के एक दिन बाद होली का पर्व मनाया जाएगा।

---

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा होलिका दहन के अवसर पर दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की सलाह जारी की गयी है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि के सामान नहीं जलाने की अपील की है।

–––प्रोमो–––

---

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिसि महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

———बाइट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि होली और जुम्मे की नमाज को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संवदेनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

———बाइट———

होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। इधर, पटना समेत कई जिलों में विभिन्न स्थानों पर आज शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

---

लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह दिख रहा है। बाजार रंग–गुलाल और पिचकारी से गुलजार है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

पिचकारी, रंग और हर्बल गुलाल की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। एम्स नई दिल्ली के त्वचा रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर कौशल वर्मा ने लोगों को त्यौहार के दौरान प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करने और सिंथेटिक रंगों से बचने की सलाह दी है।

———बाइट———

होली के समय गीले रंगों का इस्तेमाल न करें सूखे रंगों का या गुलाल का इस्तेमाल करें कभी–कभी होली के टाइम लोग ये पेंट वार्निश, किचड जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं, होली खेलने के लिए। इसको बिल्कुल भी न करें इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है।

समाचार कक्ष से मैं प्रियंका कुमारी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्म खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापित अवेधेश नारायण सिंह ने होली पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

---

होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि विशाखपट्टनम – पटना के बीच तीन जोड़ी विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी। वहीं, नई दिल्ली से कटिहार और कामाख्या, आनंद विहार – जोगबनी, ग्वालियर – पुरी, बरौनी – उधना स्पेशल, मुजफ्फरपुर – हुब्बल्लि, पटना–वास्को डी गामा और दानापुर–मैसूर के बीच भी अलग–अलग तिथियों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर – एक सौ उनतालीस डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

---

अररिया जिले के फुलकाहा थाना में तैनात एक दारोगा राजीव रंजन मल्ल की शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी के दौरान मौत हो गयी। भारत– नेपाल सीमा क्षेत्र के पास फुलकाहा थाना में तैनात एएसआई राजीव रंजन मल देर रात्रि थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में छापेमारी करने गए थे। उसी दौरान तस्करों से धक्का – मुक्की हुई जिससे दरोगा की मौत हो गई। वे मुंगेर जिले के रहने वाले थे। इस मामले की जांच के लिए एसपी अंजनी कुमार ने फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया है। वहीं, मामले में अठारह नामजद और बीस अज्ञात के खिलाफ फुलकाहा थाना में एफआईआर दर्ज की गयी है। मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

–––बाइट––––

---

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह देश की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि यह सफलता भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

भारतीय अंतरिक्ष यात्रा में अनडोकिंग का बड़ी अहमियत बताई गई है, दोनों उपग्रहों जब अंतरिक्ष में थे उनका इसरो द्वारा देश में ही अनुसंधान द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी की मदद से अलग करना एक अहम योजना है, जिससे आगे काफी मदद मिलेगी स्वयं चालित यानी ऑटोनॉमस टॉकिंग और अनडोकिंग तकनीक की मदद से इसरो अंतरिक्ष में अपने सैटेलाइट्स को किसी अलग यान से जोड़ पाएगा ओर अलग भी कर पाएगा चंद्र ग्रह को उपग्रह भेज कर वहां से सैंपल लेकर वापस आना हो या भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में उतरना हो तो डॉकिंग ओर अनडोकिंग की आवश्यकता पड़ेगी। यूएसए, रशिसा और चाइना के बाद अब भारत के पास भी यह तकनीक उपलब्ध है सुधींद्र आकाशवाणी समाचार बेंगलुरू।

---

प्रसार भारती—प्रसारण और प्रसार के लिए साझा दृश्य—श्रव्य—पीबी शब्द सेवाओं ने इस महीने एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस सेवा को एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया है। प्रसार भारती ने कहा है कि शब्द का निशुल्क उपयोग मार्च दो हजार छब्बीस तक जारी रहेगा। इससे मीडिया संगठनों, विशेष रूप से छोटे संगठनों को बहुत लाभ होगा। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

---

वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में इससे जुड़े कार्यक्रम में कहा कि दुनिया के तेजी से बदलने के साथ ही दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन का स्वरूप भी बदल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक मंच का सुझाव दिया। पेश है वेव्स पर विशेष रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान अट्ठाईस डिग्री सेल्सियस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के नये एयरपोर्ट टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

---

मधेपुरा के जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने काम में लापरवाही बरतने के आरोप में दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौसा अंचल कार्यालय के निम्न वर्गीय लिपिक उमेश कुमार और घैलाढ़ अंचल कार्यालय के निम्न वर्गीय लिपिक जय कुमार यादव शामिल हैं।

---

पूर्णिया जिले में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बायसी थाना क्षेत्र से पच्चीस हजार के इनामी अपराधी राजा अहमद उर्फ़ रिजवी को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. होली को लेकर पूरे प्रदेश में हर्ष और उल्लास का माहौल। होलिका दहन आज। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी शुभकामनाएं।

02. होली को देखते हुए राज्य के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने का दिया गया निर्देश।

03. अररिया में शराब तस्करों के खिलाफ हुयी छापेमारी के दौरान एक दारोगा की मौत, जांच के लिए एसआईटी गठित, छह आरोपी गिरफ्तार।

04. और, वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।